
सच्चाई के दम पर जोश के साथ...
RNI No: **UPHIN/2023/86769**
www.swarajindianews.com
swarajindia2023@gmail.com swarajindianews swarajindianews
मूल्यः `02

# स्वराज इंडिया

सांध्यकालीन समाचार पत्र
कानपुर, गुरूवार , 25 दिसंबर, 2025
वर्षः 02, अंकः 242, पृष्ठः 8+4



अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विशेष विचार, वाणी और राष्ट्रनिर्माण की अमिट विरासत

» Pg02

इनसाइड गांवों में बंदरों का आतंक,100 से अधिक लोग घायल » Pg07

# कुलदीप सेंगर की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई !

**राहुल और सोनिया गांधी से मिली उन्नाव रेप पीड़िता**
**रेप पीड़िता बोली कि मेरी बात सुनकर दोनों की आंखें नम हो गई**
**दिल्ली हाइकोर्ट ने पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की उम्र कैद सजा निलंबित कर दी है**

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

**नई दिल्ली। यूपी के उन्नाव रेप मामले में दोषी भाजपा से पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली उच्च न्यायालय से मिली जमानत के खिलाफ अब केंद्रीय जांच ब्यूरो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। सीबीआई ने साफ कहा है कि यह मामला बेहद गंभीर है और पीड़ित को न्याय दिलाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जांच एजेंसी जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करेगी।इधर, उन्नाव रेप पीड़िता ने बुधवार शाम दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात दस जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर हुई। पीड़िता ने कहा कि उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की गुहार लगाई थी, लेकिन उससे कोई नहीं मिला।**





इसके बाद राहुल गांधी का खुद फोन आया और उन्होंने मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता ने बताया कि उसने राहुल गांधी और सोनिया गांधी को अपनी आपबीती सुनाई। उसने कहा कि उसे बंधक बनाया गया, उसकी जान को खतरा है और लगातार डर के साए में जीना पड़ रहा है। पीड़िता के मुताबिक राहुल गांधी ने उससे कहा कि इस लड़ाई में वह उसके साथ हैं। पीड़िता ने कहा कि उसकी बातें सुनकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी दोनों की आंखें नम हो गईं। दोनों नेताओं ने उसे भरोसा दिलाया कि यह न्याय नहीं बल्कि अन्याय है और वे उसे न्याय दिलाने की हर संभव कोशिश करेंगे।

**पीड़िता ने राहुल-सोनिया से मांगी तीन मदद**

पीड़िता और उसकी मां ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं। पहली, सुप्रीम कोर्ट में कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ मुकदमा लड़ने के लिए शीर्ष स्तर का वकील उपलब्ध कराया जाए। दूसरी, परिवार की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें किसी कांग्रेस शासित राज्य में शिफ्ट किया जाए। तीसरी, पीड़िता के पति को बेहतर नौकरी दिलाने में मदद की जाए। कांग्रेस नेताओं ने इन मांगों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

**मां बोलीं- हाईकोर्ट का फैसला हमारे लिए काल जैसा**

पीड़िता की मां ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला उनके लिए काल के समान है। उन्होंने कहा कि वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने दो हजार बाईस के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीड़िता की मां को प्रत्याशी बनाया था।दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तेईस दिसंबर को कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दिए जाने के बाद पीड़िता, उसकी मां और सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने इसका विरोध किया। तीनों इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं। देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को जबरन वहां से हटा दिया। आरोप है कि उन्हें घसीटकर वैन में बैठाया गया।बुधवार को जारी एक वीडियो में पीड़िता ने पुलिस के व्यवहार पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि उसकी मां को गाड़ी से फेंक दिया गया, उन्हें बंदी बना लिया गया और वकील से मिलने तक नहीं दिया गया।

**ओपी राजभर के बयान पर विवाद**

इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर का बयान भी चर्चा में है। उन्होंने कहा कि जब अदालत ने सेंगर को पीड़िता के घर से पांच किलोमीटर दूर रहने का आदेश दिया है, तो असुरक्षा कैसी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पीड़ित पक्ष दिल्ली में क्या कर रहा है और प्रदर्शन की क्या जरूरत है। बयान के दौरान उनके हंसने को लेकर भी तीखी आलोचना हो रही है।राहुल गांधी ने उठाए सवाल-राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच पर पुलिस कार्रवाई और न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। उन्होंने कहा कि अपराधी को जमानत मिलना निराशाजनक और शर्मनाक है,तब जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा हो और वह डर के साए में जी रही हो। राहुल गांधी ने कहा कि बलात्कारियों को जमानत और पीड़िता के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार, यह कैसा न्याय है। लोकतंत्र में असहमति की आवाज उठाना अधिकार है, उसे दबाना अपराध।

**पीड़िता का दर्द सुनिए**

पीड़िता ने कहा कि दिल्ली में निर्भया को मार दिया गया, हाथरस में भी पीड़िता की मौत हो गई। वह बच गई, इसलिए उसे जिंदा रहते हुए सजा दी जा रही है। उसने आशंका जताई कि उसके परिवार और गवाहों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है।उन्नाव रेप मामले में अब सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं। सीबीआई की ओर से जमानत के खिलाफ चुनौती और पीड़िता की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल इस केस को एक बार फिर देश की न्याय व्यवस्था और संवेदनशीलता के कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।



स्वराज इंडिया

सुप्रीम कोर्ट जाएगी उन्नाव रेपकांड की पीड़िता

आरोपी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने उम्रकैद निलंबित कर जमानत दी

» पीड़ित परिवार दिल्ली में धरने पर बैठा, पुलिस ने जबरन हटाया

# तारिक रहमान की वापसी से बांग्लादेश की सियासत में भूचाल

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

**» 2008 में लंदन रवाना होते वक्त दिया था राजनीति में न लौटने का हलफनामा, अब बदले हालात में वापस लौटे**

नई दिल्ली। बांग्लादेश की सियासत आज नई करवट लेती दिख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कद्दावर नेता तारिक रहमान ढाका लौट आए हैं। 17 साल बाद उनकी यह वापसी सिर्फ राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि बांग्लादेश की सत्ता संतुलन को बदल देने वाली वापसी मानी जा रही है। ढाका उनकी मौजूदगी से आज 'रहमानमय' दिखाई दे रहा है।2008 का वह दौर याद किया जा रहा है, जब तारिक रहमान ने ढाका छोड़ते वक्त सरकार को लिखित शपथ दी थी कि वह राजनीति में नहीं लौटेंगे। उसी उड़ान से वह लंदन रवाना हो गए थे और फिर लंबे समय तक विदेश में गुमनामी और निर्वासन जैसी जिंदगी जीते रहे। इन 17 वर्षों में बांग्लादेश की राजनीति लोकतंत्र, उदारवाद और कट्टरपंथ के बीच संतुलन ढूंढती रही, और अब फिर से सियासी समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं।तारिक रहमान की यह वापसी न सिर्फ बीएनपी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा मनोबल है, बल्कि सत्ता के मौजूदा ढांचे के सामने भी बड़ा राजनीतिक संदेश है। समर्थकों में उत्साह और विरोधियों में सतर्कता के साथ आज ढाका की हर धड़कन राजनीति की नई दिशा का इंतजार करती दिखाई दे रही है।



## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विशेष

# विचार, वाणी और राष्ट्रनिर्माण की अमिट विरासत



» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

**कानपुर।भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म पच्चीस दिसंबर उन्नीस सौ चौबीस को हुआ था। पच्चीस दिसंबर का यह दिन आज केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, विचार और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्मृति का दिवस बन चुका है।**

बहुमुखी प्रतिभा के धनी अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान कई ऐतिहासिक घटनाएं घटित हुईं। ग्यारह और तेरह मई उन्नीस सौ अट्ठानवे को पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण ने भारत को सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वर्ष उन्नीस सौ निन्यानवे में कारगिल युद्ध के समय उनके नेतृत्व ने पूरे देश को एकजुट किया और भारतीय सेना के शौर्य को विश्व के सामने प्रस्तुत किया।

अटल बिहारी वाजपेयी लोकतंत्र में संवाद और सहमति के प्रबल समर्थक रहे। संसद में उनके भाषण गंभीरता, संयम और तार्किकता के लिए जाने जाते थे। वे राजनीतिक मतभेदों के बावजूद लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते रहे, इसी कारण उन्हें पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से आदर प्राप्त हुआ।देश ने उनके योगदान को समय-समय पर सम्मानित किया। वर्ष उन्नीस सौ बानवे में उन्हें पद्म विभूषण सम्मान प्रदान किया गया।

इसके बाद वर्ष उन्नीस सौ चौरानवे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर तेईस दिसंबर दो हजार चौदह को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई।

तत्पश्चात सत्ताईस मार्च दो हजार पंद्रह को उन्हें विधिवत भारत रत्न प्रदान किया गया।

राजनीति के साथ-साथ अटल बिहारी वाजपेयी साहित्य और कविता में भी समान रूप से प्रतिष्ठित रहे। वे प्रखर वक्ता होने के साथ एक संवेदनशील कवि भी थे। उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, मानवीय संवेदना, आशा और संघर्ष का गहरा भाव दिखाई देता है। उनकी चर्चित काव्य रचना मेरी इक्यावन कविताएं आज भी पाठकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है और उनके विचारशील मन का परिचय देती है।अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर देश उनकी स्मृतियों, उनके महान कार्यों और उनके आदर्शों को नमन करता है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना, संवाद की संस्कृति को मजबूत करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

# सुशासन दिवस पर जन-जागरूकता का संदेश, बच्चों ने जीते पुरस्कार

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

## » सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बिधनू ब्लॉक में किया कार्यक्रम, 20 छात्रों को क्विज में मिला सम्मान





कानपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बुधवार को सुशासन दिवस पर बिधनू विकास खंड में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विषय सुशासन दिवस एवं विकसित भारतङ्जी राम जी रखा गया। इस मौके पर आयोजित विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 20 छात्रों को विजेता घोषित कर सम्मानित किया गया। वहीं, नामित जादूगर सुरेश एंड पार्टी ने जादू के माध्यम से सुशासन और योजनाओं से जुड़ी जानकारी रोचक तरीके से प्रस्तुत की।कार्यक्रम का उद्घाटन बिधनू के ब्लॉक प्रमुख अरुण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस सरकार की जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन के संकल्प का प्रतीक है। हर सरकारी कर्मी और नागरिक को इसे व्यवहार में उतारना होगा।विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव ने 'विकसित भारतङ्जी राम जी' योजना को ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को मजबूत और समृद्ध बनाकर विकसित भारत का निर्माण करना है।विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य सोनू पासवान ने कहा कि योजना के तहत बेहतर रोजगार प्रावधान, समय पर भुगतान और मुआवजा जैसी व्यवस्थाएं ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाएंगी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने कहा कि सुशासन दिवस केवल सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि प्रशासनिक सोच में बदलाव का अभियान है।

उन्होंने ई-गवर्नेंस, पारदर्शिता, ऑनलाइन सेवाओं, पेंशन व्यवस्था और नागरिकों की भागीदारी की अहमियत भी बताई।कार्यक्रम में डॉ. मिनी अवस्थी, डॉ. मनीष अवस्थी, रामदेव शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं में आर्यन, योग पांडे, सौम्या, कल्याण, मिथलेश, वंशी, देवांश, नित्या, पवन, शरद, सौरभ, आदर्श निगम, दिनेश यादव, विनीत, नरेश, अवधेश, राजकमल, सुशील विश्वकर्मा, आशि और जगदंबा शामिल रहे।

# नौघड़ा में जुए के अड्डे पर छापा, 9 गिरफ्तार

## मौके से 104100 रुपये बरामद, मासूम गिरोह चला रहा था जुआ अड्डा

**» कानपुर के अन्य कई घनी आबादी इलाकों में सट्टा और जुएं का कारोबार संचालित किया जा रहा है**

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

कानपुर। महानगर में अवैध जुआ, सट्टा एवं संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बादशाहीनाका और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मोहल्ला नोघड़ा स्थित मकान संख्या 50/179 में छापा मारकर जुआ खेलते हुए 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जबकि जुआ खिलाने वाले समेत 10 अभियुक्त मौके से फरार हो गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार रात्रि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नोघड़ा क्षेत्र में बंद मकान के अंदर बड़े पैमाने पर जुआ संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम गठित कर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 104100 रुपये नकद, 9 मोबाइल फोन एवं 2 ताश की गड्डियां बरामद की गईं।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उक्त मकान में मासूम अली, सरवन एवं जावेद उर्फ तोता द्वारा जुआ कराया जाता था। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों की यह गतिविधि संगठित अपराध की श्रेणी में आती है। इस संबंध में थाना बादशाहीनाका पर मुकदमा संख्या 039, धारा 112 भारतीय न्याय संहिता तथा 3/4 जुआ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।इस कार्रवाई में थाना बादशाहीनाका टीम की अहम भूमिका रही। टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल कटियार, उप निरीक्षक गौरव शर्मा, उप निरीक्षक जय भोईशन तथा उप निरीक्षक मोहित साहू शामिल रहे।

### मौके से गिरफ्तार आरोपी

नीरज, निवासी कल्याणपुर, उम्र 36 वर्ष
सर्वेश मिश्रा, निवासी कल्याणपुर, उम्र 42 वर्ष
रिंकू सिंह, निवासी रावतपुर, उम्र 38 वर्ष
मोहम्मद आशिफ, निवासी जाजमऊ, उम्र 43 वर्ष
ओमप्रकाश सिंह, निवासी रतनलाल नगर
महेश कुमार, निवासी किदवई नगर, उम्र 44 वर्ष
विशाल अग्रहरि, निवासी बाबूपुरवा, उम्र 27 वर्ष
रोनक अवस्थी, निवासी हरवंशमोहाल, उम्र 20 वर्ष
अजय शर्मा, निवासी फीलखाना, उम्र 43 वर्ष
गिरफ्तार किए गए।

इंस्पेक्टर राहुल कटियार ने बताया कि मासूम अली, सरवन, जावेद उर्फ तोता, विशाल सोनी उर्फ शीलू, नदीम, रवि यादव, राजा, कालू, बतन एवं सेटू फरार हो गए। फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।







# अटल जयंती: पुनर्नवा फाउंडेशन ने दिया सेवा और संवेदनशीलता का संदेश

## भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में गौवंश को गुड़ खिलाकर और कंबल ओढ़ाकर शुरू हुआ सेवा कार्यक्रम



» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया

कानपुर। कड़ाके की सर्दी के बीच सेवा और संवेदनशीलता का अनूठा संदेश देते हुए भौती प्रतापपुर स्थित भौती गौशाला सोसायटी में पुनर्नवा फाउंडेशन द्वारा गौवंश को ऊनी कंबल वितरित किए गए।

यह कार्यक्रम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पुनर्नवा फाउंडेशन की संस्थापक मनीषा बाजपेई और संस्था के सदस्यों ने गौवंश को गुड़ खिलाकर और ऊनी कंबल ओढ़ाकर की।

इस पहल का उद्देश्य सर्दी के मौसम में गौवंश की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर भाजपा कानपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान गौशाला सोसायटी के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, समिति के मैनेजर संजू दुबे, भाजपा कार्यकर्ता, सदस्य तथा गौशाला समिति के कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने पुनर्नवा फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना की और ठंड के मौसम में पशुओं की सेवा को पुण्य का कार्य बताया।

# मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज के लिए खिचड़ी मांगने पर महिला तीमारदार को चमचा मारकर किया घायल

» प्रमुख संवाददाता स्वराज इंडिया



जालौन। मेडिकल कॉलेज के वार्ड में भर्ती नाती के लिए थाली में खाना लेने गई महिला की कर्मचारी से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान कर्मचारी ने महिला से सिर में चमचे से हमला कर दिया। इससे वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। घटना के बाद से ही कर्मचारी मौके से भाग गया है। महिला का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है झांसी जिले के उजियारपुर गांव निवासी करन सिंह के पुत्र कृष्णा (03) मानसिक रूप से बीमार रहता है। इस पर करन सिंह पत्नी रिया को लेकर 19 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज उरई आया था। यहां डॉक्टर ने कृष्णा को वार्ड चार में भर्ती करने की सलाह दी। उसकी देखभाल करने के लिए शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर निवासी करन सिंह की सास सावित्री देवी भी पहुंची थी। बुधवार की शाम को वह वार्ड के बाहर कैंटीन से बांटे जा रहे खाने को लेने के लिए थाली लेकर गईं थीं। आरोप है कि बर्तन छोटा होने पर सावित्री देवी ने दूसरे बर्तन में और खिचड़ी देने को कहा तो कर्मचारी से उनका विवाद हो गया। इसी दौरान कर्मचारी ने तैश में आकर सिर में चमचा मार दिया। इससे महिला लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना से मेडिकल कॉलेज में खलबली मच गई। मौजूद लोगों ने महिला को इमरजेंसी में भर्ती कराया। यहां उसे करीब आठ टांके आए हैं। घटना की जानकारी करन सिंह ने पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी कर्मचारी मौके से भाग गया है। सीओ अर्चना सिंह का कहना है कि 112 पर सूचना दी गई थी। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है, तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं मेडिकल कालेज के प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी ने कहा कि जायसवाल फर्म का खाना सप्लाई का ठेका है। महिला के साथ कर्मचारी द्वारा मारपीट के मामले में कर्मचारी को निकाल दिया गया है और फर्म को चेतावनी पत्र जारी किया है।

### मनरेगा प्रकरण में प्रशासन सख्त

# 12 लाख की अनियमितता पर एफआईआर व वसूली के आदेश

**भ्रष्टाचार में प्रधान व सचिव समेत कई की गर्दन फंसी, 13 विकास कार्य मौके पर नहीं मिले 20-30 किमी दूर के रहने वालों के खातों में दर्शाया गया भुगतान**

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो

बिल्हौर (कानपुर)।बिल्हौर ब्लॉक की रहीमपुर-करीमपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन में गंभीर वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जांच में लगभग 12 लाख रुपये के अनुचित भुगतान की पुष्टि होने पर सीडीओ दीक्षा जैन ने संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई और धन वसूली के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के अंतर्गत जिन मजदूरों के खातों में भुगतान दर्शाया गया, वे ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासी नहीं पाए गए। ये मजदूर 20 से 30 किलोमीटर दूर स्थित विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं। इनके नाम पर मानव दिवस दर्ज कर भुगतान किए जाने की पुष्टि जांच में हुई है। साथ ही अभिलेखों में जिन करीब 13 विकास कार्यों को पूर्ण दर्शाया गया, उनका स्थलीय निरीक्षण में कोई भौतिक साक्ष्य नहीं मिला। इससे कार्य निष्पादन और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल खड़े हुए हैं।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब ग्राम रहीमपुर करीमपुर निवासी चंद्र कुमार कटियार ने वर्ष 2024-25 से 2025-26 के दौरान मनरेगा कार्यों में



अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से की। डीएम के निर्देश पर परियोजना निदेशक और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जांच कर अनुचित भुगतान की स्थिति को रेखांकित किया।

जांच में दो तत्कालीन बीडीओ आशीष मिश्रा और बलराम, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, पंचायत सचिव रवि यादव, तकनीकी सहायक प्रमोद कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रीति अग्निहोत्री, लेखाकार देवेंद्र शर्मा और कंप्यूटर ऑपरेटर ललित कुमार की भूमिका सामने आई है। रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने, जबकि अन्य जिम्मेदारों पर जुर्माना व कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।


**सैबसू मनरेगा घोटाले में कार्रवाई सिर्फ कागजो में**

सैबसू गांव में मनरेगा कार्य दिखाकर करीब 20 लाख रुपये के गबन का मामला उजागर होने के बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। प्रधान विमलेश मिश्रा, सचिव और तकनीकी सहायक के खिलाफ भले ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हो, लेकिन जिले से किसी भी स्तर पर विभागीय शिकंजा नहीं कसा गया है।

जानकारों का कहना है कि अगर यह मामला सिर्फ एफआईआर तक सीमित रहा और दोषियों को सिस्टम से बाहर नहीं किया गया, तो मनरेगा जैसी योजना पर भरोसा टूटेगा और भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलने का संदेश जाएगा।

**गांव गांव कह रहे हैं मनरेगा में भ्रष्टाचार की कहानी**

मनरेगा योजना गांवों के विकास से अधिक ग्राम प्रधानों और सचिवों के विकास तक सिमट कर रह गई है। शायद ही कोई गांव हो जहां पर इस योजना में खेल न किया गया हो। जैसे ही प्रधानी के चुनाव नजदीक आयेंगे शिकायती पत्रों का दौर बढ़ता जाएगा और घोटाले सामने आते जायेंगे। जब तक कोई शिकायत नहीं हो रही है तब तक अधिकारी अपनी आंखें बंद किए हुए हैं।



# क्रिसमस पर स्कूल में मनाया गया दो दर्जन बच्चों का बर्थ डे

**» बच्चों का ठहराव और उपस्थिति बढ़ाने के लिए अनूठी पहल राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजन लाल कर रहे नए प्रयोग**

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो

बिल्हौर (कानपुर)। क्रिसमस पर चौबेपुर के प्राथमिक विद्यालय बंसठी प्रथम स्कूल में दिसंबर माह में जन्म लेने वाले 14 बच्चों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर बच्चों को मिष्ठान, स्टेशनरी और पौष्टिक भोजन कराया गया। विद्यालय में प्रत्येक माह बच्चों का जन्मदिन मनाया जाता है। शिक्षक राजन लाल विद्यालय में उपस्थिति, ठहराव तथा नामांकन के लिए नए-नए नवाचारों का प्रयोग करते रहते हैं सुबह की असेंबली में पूर्ण गणवेश में आने वाले बच्चों को स्टार ऑफ द डे और माह में 100न्न उपस्थिति वाले बच्चों को स्टार ऑफ द मंथ चयनित कर फल,बैग तथा स्टेशनरी आदि देकर पुरस्कृत किया जाता है। स्टार ऑफ़ द स्टूडेंट,स्टार ऑफ़ द ईयर,आज का जीनियस,द वेस्ट नोटबुक, शिक्षा आपके द्वार और शिक्षण अधिगम सामग्री एवं रचनात्मक शिक्षण विधियों का प्रयोग करके सीखने की प्रक्रिया को सरल, सहज और आनंद दायक बनाया है।

उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उनके विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव अधिकतम रहे जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित न रह जाए। शिक्षक ने अपने शिक्षण कार्य को केवल कक्षा-कक्ष तक सीमित न रखकर विद्यालय और समुदाय के बीच एक सशक्त सेतु का निर्माण किया है। शिक्षक ने बेसिक शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा ग्रामीण बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विद्यालय में निशुल्क पुस्तकालय की भी स्थापना की है।

स्वराज इंडिया

www.www.swarajindianews.com.com

वैचारिक मंच

कानपुर, गुरूवार 25 दिसंबर, 2025



## सम्पादकीय

# बनी रहे हिमाचल के सेबों की लाली

अमेरिका द्वारा अनुचित टैरिफ लगाने से भारतीय बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंकाओं के बीच न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता सुखद ही है। माना जा रहा है कि दुनिया में अर्थव्यवस्थाओं के संरक्षणवाद तथा भू-राजनीतिक तनाव से उपजे आपूर्ति श्रृंखला के संकट के बीच इस समझौते का सिरे चढ़ना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ ही भारतीय कृषि व फल उत्पादकों के हितों की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जैसी कि हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों में गहरी चिंता है कि न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क पचास से पच्चीस फीसदी करने से उनके हितों पर चोट लगेगी। उनकी आशंका है कि यदि अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौते होते हैं तो हिमाचली सेब बाजार में प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं कर पाएगा। उनका कहना है कि जिस दौरान हिमाचली सेब की मार्केट में आवक होती है, उस दौरान यह शुल्क कम नहीं होना चाहिए। उनका मानना है कि इससे सेब की हाई-डेंसिटी खेती तथा कोल्ड स्टोरेज उद्योग पर भी बुरा असर पड़ेगा। वैसे इस करार का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार डील में भारत को लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के साथ व्यापार अगले पांच साल में दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है, जो देश के व्यापक हित में हो सकता है। न्यूजीलैंड ने अगले पंद्रह वर्षों में भारत में बीस अरब डॉलर के निवेश करने का भरोसा दिलाया है। निस्संदेह, इस करार से उस नकारात्मक वातावरण को दूर करने में मदद मिलेगी, जो अमेरिका के एकतरफा टैरिफ लगाने से बना था। जिसके चलते अमेरिका को निर्यात करने वाले उत्पादक चिंता में थे और रोजगार के अवसरों में कमी की आशंका भी जतायी जा रही थी। सकारात्मक पहलू यह भी है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की मार्च में भारत यात्रा के बाद सिर्फ नौ महीने में यह करार सिरे चढ़ा है।

निस्संदेह, यह समझौता द्विपक्षीय आर्थिक हितों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण कहा जा रहा है। जो निश्चय ही हमारी हिंद-प्रशांत आर्थिक रणनीति को संबल देगा। यह तथ्य भी विचारणीय है कि आजादी के कुछ साल बाद शुरू हुआ दोनों देशों का व्यापारिक लेनदेन बेहद उत्साहजनक नहीं रहा। जो बीते साल मुश्किल से दो अरब डॉलर तक पहुंच सका है। बहरहाल, अगले पांच साल में व्यापार को दुगना करने का संकल्प आशा जगाता है। भारत न्यूजीलैंड को फार्मास्यूटिकल, गुड्स, आईटी सेवाओं का निर्यात बढ़ा सकता है।

कहा जा रहा है कि करार के बाद भारत की न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। यह भी कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के न्यूजीलैंड के अनुभव का लाभ भारत को मिल सकता है, लेकिन भारतीय किसानों के हितों की रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि करार में भारतीय डेयरी उद्योग के हितों की रक्षा करने का भरोसा दिया गया है। दुनिया में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक देश भारत में न्यूजीलैंड के डेयरी सेक्टर को कोई छूट नहीं दी गई है।

# नैतिकता की कसौटी पर नेपाल की राजनीति

ज्योति मल्होत्रा

**नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को... नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को होंगे, लेकिन क्या आम सहमति से शांतिपूर्ण मतदान संभव होगा**



नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के बीच छलफल (बातचीत) का आयोजन किया था। 12 सितंबर को पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री कार्की और प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को होंगे, लेकिन क्या आम सहमति से शांतिपूर्ण मतदान संभव होगा? यह सबसे बड़ा सवाल है। प्रचंड ने कहा, 'अगर सरकार उनके लिए अनुकूल माहौल बनाती है, तो पार्टियां चुनाव में जाने के लिए तैयार हैं।' जबकि, नेपाली कांग्रेस और नेकपा-एमाले जैसी प्रमुख राजनीतिक ताकतों के सांसदों ने भंग की गई प्रतिनिधि सभा को बहाल करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिकाएं दायर की हैं। सोमवार को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और काठमांडू के मेयर बालेनेंद्र (बालेन) शाह के बीच देर रात हुई बैठक ने, नेपाल के राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या उभरती वैकल्पिक राजनीतिक ताकतों के बीच गठबंधन संभव है?लामिछाने 'को-ऑपरेटिव फंड घोटाले' में कथित संलिप्तता के आरोप में नौ महीने से हिरासत में थे। शुक्रवार को, लामिछाने को जेल से रिहा किया गया था। लामिछाने पर कोऑपरेटिव फंड घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर पांच ज़िलों में कानूनी मामले चल रहे हैं। मंगलवार को चितवन कोर्ट से निकलने के बाद पत्रकारों से लामिछाने ने कहा कि हमने ऐसी किसी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया, जिसमें बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने की बात हो। लामिछाने बोले, 'मैं जल्द ही जेनज़ी के दो प्रमुख नेताओं सुदन गुरुंग और कुलमान घिसिंग से बात करूंगा।' नेपाल में विकल्प की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है, अभी से कहना मुश्किल है। लेकिन, सबसे अधिक मुश्किल वामपंथी एकता को लेकर हो रही है। पेइचिंग का मानना है कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट्स और दूसरी संधियों को आसानी से लागू करने के लिए एक मज़बूत, एकजुट कम्युनिस्ट शासन ज़रूरी है। चीन ने 2018 में दो सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टियों, 'नेकपा-एमाले' और 'नेकपा-माओवादी सेंटर' के बीच विलय कराने में सफलता हासिल की थी। फिर भी, ओली और प्रचंड के बीच हुई दुरभिसंधि, दूर तक नहीं जा सकी। वर्ष 2021 में दोनों अलग हो गए। कभी पूर्व राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और केपी शर्मा ओली, 'तोड़ेंगे दम मगर, तेरा साथ ना छोड़ेंगे' का तराना गाते थे, अब दोनों एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। ओली, एमाले नेतृत्व को छोड़ने के मूड में कतई नहीं थे। आगामी 22 फरवरी, 2026 को ओली 74 साल के हो जायेंगे। एमाले का संविधान 70 साल की उम्र सीमा और अध्यक्ष पद को दो कार्यकाल तक सीमित करता है। ओली ने पार्टी अधिवेशन के ज़रिये उम्र सीमा और दो टर्म वाली अवधि को निरस्त करवा दिया। विद्या देवी भंडारी 64वां वसंत देख चुकी हैं। बाक़ी वक़्त वो बियावान में काटना नहीं चाहतीं।

# जनाकांक्षाओं की राह पर अग्रसर हरियाणा

## सुशासन दिवस

दीपिका अरोड़ा

**सुशासन हेतु ई-गवर्नेंस मार्ग पर चलते हुए, बीते ग्यारह वर्षों में सरकार ने प्रशासन के आधुनिकीकरण, समयबद्ध और बाधारहित सेवा वितरण सुनिश्चित करने व समावेशी विकास को बढ़ावा देने हेतु ठोस व निर्णायक कदम उठाए हैं। सुशासन दिवस के अवसर पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण समीचीन होगा, जो सुशासन और जन-कल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं।**

निस्संदेह, सुशासन का अभिप्राय- है सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सार्वजनिक कार्यों और संसाधनों का प्रभावी, पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी प्रबंधन। हरियाणा सरकार इसी मूल मंत्र पर चल रही है। सुशासन हेतु ई-गवर्नेंस मार्ग पर चलते हुए, बीते ग्यारह वर्षों में सरकार ने प्रशासन के आधुनिकीकरण, समयबद्ध और बाधारहित सेवा वितरण सुनिश्चित करने व समावेशी विकास को बढ़ावा देने हेतु ठोस व निर्णायक कदम उठाए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री और कुशल राजनेता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, भारत में सुशासन के प्रतीक पुरुष हैं। उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यावहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार



लाना, विशेष रूप से गरीबों-वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का हरियाणा से विशेष लगाव था। कई हरियाणा प्रवास के अतिरिक्त यह बड़े ही संयोग की बात है कि 24 दिसंबर, 1987 को अटल जी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा कार्यवाही देखने आए। वाजपेयी जी की सोच से प्रेरणा लेते हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए—जिसके अनुसार सुशासन के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी आवश्यक है तथा ई-गवर्नेंस इसका प्रमुख साधन है—हरियाणा सरकार ने नीतियों में व्यापक सुधार किए हैं। इनका मकसद प्रशासन को जनता की आवश्यकताओं-सुविधा के अनुरूप बनाना, सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाना, ऑनलाइन उपलब्ध कराना, भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करना तथा दलालों-बिचौलियों को पूरी तरह समाप्त करना है।निस्संदेह, नीतिगत निर्णय हितधारकों की आकांक्षाओं के अनुरूप लिए जाते हैं। जनहित की सेवा हेतु कानून के शासन व सहभागिता के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए निर्णय होते हैं। जिससे समान विकास व नागरिकों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो सके। ऐसा वातावरण बनाना, जिसमें सभी नागरिकों—विशेषकर पिछड़े वर्गों—को अभिव्यक्ति का अवसर व समान अवसर प्राप्त हों। जनता सेवा हेतु प्रतिबद्ध राज्य सरकार का लक्ष्य आम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाना और उद्योग-कारोबार अनुकूल माहौल बनाना है। भारत को ई-गवर्नेंस के माध्यम से रूपांतरित करने की प्रधानमंत्री की परिकल्पना को साकार करने, लोगों तथा कल्याणकारी योजनाओं के बीच की दूरी कम करने को कई ई-हस्तक्षेप किए गए। फलतः हरियाणा में अधिकांश सेवाएं एक क्लिक की दूरी पर हैं। सुशासन सुधारों ने लोगों को घर बैठे या नजदीकी सामुदायिक सेवा केन्द्रों से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्ति हेतु सक्षम बनाया है। प्रमुख योजना परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अधिकांश योजनाओं का लाभ स्वतः लोगों तक पहुंच रहा है।

# आवारा कुत्तों पर सर्जिकल ब्रेक तेज हुआ नसबंदी अभियान

**कुत्ते के काटने के मामले बढ़े, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नगर निगम ने बढ़ाई नसबंदी की रफ्तार**




» प्रमुख संवाददाता/स्वराज इंडिया

**कानपुर। नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक और काटने के मामलों को देखते हुए नसबंदी अभियान को तेज कर दिया है। निगम के मुताबिक शहर में करीब डेढ़ लाख आवारा कुत्ते हैं, जिनका बाकायदा जोनवार रिकॉर्ड तैयार किया गया है। अब तक लगभग 45 हजार कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है, जबकि अभियान के तहत हर दिन करीब 40 सर्जरी की जा रही हैं।**

नगर निगम की टीम शहर भर में अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ रही है। इसके बाद इन्हें एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर ले जाकर नसबंदी कराई जाती है। सर्जरी के बाद कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया जाता है, निगरानी में रखा जाता है और स्वास्थ्य ठीक होने पर वापस छोड़ा जाता है। पूरी प्रक्रिया करीब एक सप्ताह चलती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद यह अभियान और तेज किया गया है।

नगर निगम के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार दोनों एबीसी सेंटर फुल क्षमता के साथ काम कर रहे हैं और जल्द से जल्द अधिक से अधिक कुत्तों की नसबंदी पूरी करने का लक्ष्य है।

इसी बीच कानपुर में कुत्तों के काटने के मामले भी बढ़ रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल और पीएचसी में पहुंचकर रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे हैं। इसे देखते हुए निगम ने जोनवार पकड़ने और सर्जरी की गति बढ़ाई है।शहर में जहां-जहां आवारा कुत्तों का आतंक है, वहां के लोग सीधे नगर निगम को शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निगम की टीम मौके पर पहुंचकर कुत्तों को पकड़ने, नसबंदी कराने और टीकाकरण का काम करेगी। उद्देश्य है जनता को राहत और शहर को सुरक्षित बनाना।

# संपर्क क्रांति में पकड़े गए तीन संदिग्ध रोहिंग्या, पूछताछ में जुटी एजेंसियां

**» आरपीएफ की दबिश में ट्रेन से उतारे गए दो युवक और युवती, असम से दिल्ली जा रहे थे**

**» आईबी, एटीएस और एलआईयू कर रही पूछताछ, पहचान इकबाल, जुबैर और रूबिया बताई गई**

» प्रमुख संवाददाता/स्वराज इंडिया



कानपुर। पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में संदिग्ध युवती को ले जाने की सूचना पर आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए ट्रेन में छापेमारी की, जहां से तीन संदिग्ध रोहिंग्या पकड़े गए। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई के बाद तीनों को सेंट्रल स्टेशन पर उतारकर एसटीएफ की मौजूदगी में पूछताछ शुरू की गई। बुधवार दोपहर आरपीएफ कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि असम के सिलचर से नई दिल्ली जा रही 14037 पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में दो युवक एक युवती के साथ यात्रा कर रहे हैं और उनके रोहिंग्या होने की आशंका है। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची, टीम ने तलाशी अभियान चलाया। जनरल कोच में बैठे तीनों संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई, लेकिन वे गोलमोल जवाब देने लगे और उनकी भाषा भी स्पष्ट नहीं थी। संदेह पुख्ता होने पर तीनों को ट्रेन से उतार लिया गया।संदिग्धों की पहचान इकबाल, जुबैर और रूबिया के रूप में सामने आई है। फिलहाल आईबी, एटीएस और एलआईयू की टीमें तीनों से विस्तृत पूछताछ कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनके यात्रा संबंधी दस्तावेज, आने-जाने का उद्देश्य और संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

# गीली लकड़ी की सप्लाई करने वाले ठेकेदार पर 3 लाख का जुर्माना

**» अलाव जलाने के लिए सप्लाई की गई थी घटिया लकड़ी, दो नोटिस के बाद भी नहीं सुधरे ठेकेदार**

» प्रमुख संवाददाता/स्वराज इंडिया



कानपुर। भयंकर ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम शहर भर के चौराहों और मोहल्लों में अलाव जलाने की व्यवस्था कर रहा है, लेकिन इस राहत अभियान में ही घोर लापरवाही सामने आई है। नगर निगम से अनुबंधित संस्था सूखी लकड़ी के बजाय लगातार गीली लकड़ी सप्लाई कर रही थी।

जिससे शहर के कई स्थानों पर अलाव जल ही नहीं पा रहे थे और रात में ठिठुरते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी।लगातार शिकायतें मिलने पर नगर निगम ने जांच कराई तो लापरवाही की पुष्टि हुई।

इसके बाद नगर निगम ने संबंधित सप्लाई संस्था को नोटिस जारी करते हुए सुधार का अल्टीमेटम दिया, लेकिन संस्था ने कोई सुधार नहीं किया। इसके बाद निगम के अधिशासी अभियंता ने कार्रवाई करते हुए चारों जोन में लापरवाही के लिए 75-75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कुल मिलाकर संस्था पर तीन लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है।नगर निगम के एक्सईएन दिवाकर भास्कर ने बताया कि गीली लकड़ी सप्लाई करने और अलाव व्यवस्था प्रभावित करने का गंभीर मामला है।

यदि इसके बाद भी संस्था ने लापरवाही जारी रखी तो उसे ब्लैक लिस्ट करते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि सर्दी के दौर में किसी भी हालत में लोगों को राहत पहुंचाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत,तीन घायल

» एक की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर

» कानपुर देहात में सड़क हादसे में नहीं हो रही गिरावट



» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**कानपुर देहात। बुधवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो वहीं तीन अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।**

हादसा भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी कानपुर लेन पर डींग से देवीपुर के मध्य शाम करीब 4.20 बजे हुआ।जानकारी के मुताबिक बरौर थाना क्षेत्र के कैलई गांव निवासी 35 वर्षीय इमरान व 59 वर्षीय इशाक अली बुधवार शाम बाइक से कहीं जा रहे थे। देवीपुर और डींग के मध्य उनकी बाइक अनियंत्रित होने से दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में सड़क पर पैदल चल रहे मीनापुर गांव निवासी प्रेम नारायण संखवार व मंगलपुर थाना क्षेत्र के जिगना गांव निवासी छोटे शंकर बुरी तरह घायल हो गए।वही बाइक सवार इमरान व बाइक में पीछे बैठे इशाक को भी गंभीर चोटें आई।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही देवीपुर चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से देवीपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर बाइक सवार इमरान की मौत हो गई तथा छोटे शंकर की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

चौकी प्रभारी देवीपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दुर्घटना में मृत छात्र के घर से वापस आए युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत

एक ही मोहल्ले में दो लोगों की हुई मौत, दोनों परिवारों में छाया मातम

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। रसूलाबाद क्षेत्र में हुई दुर्घटना में एक नवयुवक की मौत हो गई थी। पड़ोस का युवक उसके घर गया। मृतक के घर से लौटने के बाद जैसे ही युवक अपने घर पहुंचा तभी अचानक दिल का दौरा पड़ा और युवक मौत हो गई। एक ही मोहल्ले में दो लोगों की मौत से मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया।

जानकारी के अनुसार रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के कानपुर मार्ग केशव नगर निवासी दिव्यांशु भदौरिया (20) सोमवार को कानपुर मार्ग पार कर रहा था तभी पहाड़ीपुर की ओर से आई दूध डेरी पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे कानपुर हैलट ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक ने गुरुवार को दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना जब रसूलाबाद स्थित उसके मोहल्ले में हुई तो बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग भी उसके दरवाजे एकत्र होने लगे। यह बात सुनकर पड़ोस के ही जयवीर बाथम भी उनके घर पहुंच गया।



वहां से वापस जब वह घर पहुंचा तो अचानक दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया। एक ही मोहल्ले में दो घटनाओं से लोग स्तब्ध थे।

# कई गांवों में बंदरों का आतंक, 4 गांवों में 100 से अधिक लोग घायल

लोगो ने कहा घरों में सुरक्षित रहना मुश्किल हो गया है

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। जनपद के माती मुख्यालय से महज़ 6 किलोमीटर दूर गजनेर थाना क्षेत्र के कुरारी, मंगटा, जिंदौरा और नहोली गांवों में इन दिनों बंदरों का ऐसा आतंक फैला हुआ है कि ग्रामीणों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने भयावह हैं कि गांव के लोग खाना बनाना, अनाज सुखाना, खेती करना तो दूर, अपने घरों में सुरक्षित रहना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार बंदरों के झुंड पलक झपकते ही घरों में घुस जाते हैं और खाना, राशन, फल-सब्ज़ी उठा ले जाते हैं। विरोध करने पर बंदर हमला कर देते हैं। अब तक चार गांवों में 100 से अधिक लोग बंदरों के हमले से घायल हो चुके हैं, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं।बंदरों के आतंक के कारण ग्रामीण किसान न तो हरी सब्ज़ी बो पा रहे हैं, न फल-फूल, और न ही अनाज सुखाने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। कई घरों में चूल्हा तक जलाना दूभर हो गया है।



रात के समय बंदरों के हमले के डर से लोगों की नींद उड़ चुकी है।ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि लोग मज़ाक और डर के बीच उन्हें अलग-अलग नामों से पुकारने लगे हैं। कोई इन्हें डॉन कह रहा है तो कोई डकैत, तो कोई फ्रआतंकवादी बंदरफ्र। लोगों का कहना है कि यह कोई मज़ाक नहीं, बल्कि उनके जीवन की सच्चाई बन चुकी है।सबसे हैरानी की बात यह है कि घटना स्थल से मात्र 6 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय स्थित होने के



बावजूद प्रशासनिक अधिकारी कई बार शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।बंदरों के बढ़ते हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है और लोग अपने गांवों के उजड़ने की आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़वाने की व्यवस्था की जाए।

# देवीपुर हाइवे सर्विस लेन पर कहीं टेम्पो स्टैंड तो कहीं कूड़ाघर

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवीपुर गांव के पास बनाए गए ओवरब्रिज की सर्विस रोड पर ग्रामीणों ने दोबारा अतिक्रमण शुरू कर दिया है। कभी साफ और सुगम यातायात के लिए बनी ये सड़कें अब या तो कूड़े से पट चुकी हैं या टेंपो-रिक्शा स्टैंड में तब्दील हो चुकी हैं। पूरब की सर्विस लाइन पर टेम्पो चालकों का कब्जा है तो पश्चिम की ओर ग्रामीणों ने जानवर बांधकर, लकड़ी व गोबर जमा कर सड़क को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है। नतीजा यह कि दोपहिया वाहन भी बड़ी मुश्किल से निकल पा रहे हैं।स्थानीय लोगों की मानें तो प्रशासन और पुलिस चौकी की मौजूदगी के बावजूद अतिक्रमण पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। सर्विस रोड के दोनों ओर डिवाइडर पर भी गोबर और लकड़ी का जमावड़ा बना है, जिससे रास्ता फिसलन भरा और बदबूदार हो गया है। कई चारपहिया वाहन तो मजबूरी में ओवरब्रिज पर चढ़कर फिर नीचे उतरते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्यों प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है?



# मोहक नृत्य से बच्चों ने मंच पर दिखाई अपनी प्रतिभा

## पीएमश्री विद्यालय बाढ़ापुर का वार्षिकोत्सव

» बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि और अभिव्यक्ति में सहायक है इस प्रकार का मंच- एसआरजी अनन्त

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। विकासखंड अकबरपुर स्थित पीएम श्री विद्यालय बाढ़ापुर के बच्चों ने 80 और 90 के दशक के गानों पर नृत्य कर वार्षिकोत्सव में धूम मचाई। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ जनपद के एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि और स्वयं को प्रस्तुत कर पाने की क्षमता का विकास इसी प्रकार के मंचों के माध्यम से होता है।







विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल ही है कि छात्र इतने अच्छे से अपनी प्रतिभा का मंचन कर पाए। अभिभावकों का भी दायित्व है कि विद्यालय समय के पश्चात बच्चा घर के वातावरण, टीवी, मोबाइल और समाज से क्या सीख रहा है इसका विशेष ध्यान रखें।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कंचन यादव ने किया। मानसी, दिव्यांशी, सोनाक्षी, भूमि, काव्य, अभी, वैष्णवी और कनक आदि बच्चों ने मोबाइल बिना चैन कहां रे गाने पर प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरी। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष गुड्डू श्रीवास्तव, सभासद अमृता कुशवाहा, प्रथम संस्था से संदीप यादव, कंचन यादव, सुमन यादव, सुरेखा यादव, दिनेश चन्द पाठक, दिव्या सक्सेना, उमा देवी, आंगनवाड़ी कार्यकारी और सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## नीम की पत्तियां तोड़ते समय करंट से अधेड़ की मौत



» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। क्षेत्र के अटियारायपुर गांव निवासी युवक की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। रसूलाबाद क्षेत्र के अटिया रायपुर निवासी जयसिंह (42) पशुओं के लिए गांव के ही पास नीम के पेड़ से चारा तोड़ रहा था। उसी पेड़ से 11 हजार वोल्ट लाइन का तार भी छू रहा था। युवक नीम के पेड़ से लग्गी द्वारा उसकी डाल काट ही रहा था तभी पेड़ के ऊपर से निकले बिजली के तारों से करंट उतर आया और उसकी मृत्यु हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।



## प्रेमिका के गांव में फांसी पर लटका मिला युवक, हत्या का मुकदमा दर्ज

» प्रेम प्रसंग से जुड़ी युवक की मौत के मामले में पुलिस जांच तेज

» कानपुर देहात के बिल्सी गांव की घटना, हत्या की आशंका पर मुकदमा दर्ज

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो


स्वराज इंडिया

सदिग्ध हालात में युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर देहात। गजनेर थाना क्षेत्र के बिल्सी गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बुधवार सुबह गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव नीम के पेड़ से लटका मिला था। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने देर रात हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।मृतक की पहचान कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के कंठीपुर गांव निवासी अखिलेश के रूप में हुई है। अखिलेश पेशे से शटरिंग कारीगर था और बेंगलूर में रहकर काम करता था। जानकारी के अनुसार उसका बिल्सी गांव की एक किशोरी से प्रेम संबंध था। इसी सिलसिले में वह हाल ही में गांव आया हुआ था।घटना की सूचना मिलते ही गजनेर पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए।

शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।मृतक के पिता छेदीलाल ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। परिजनों की आशंका और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875, साकेत नगर, कानपुर नगर- (उप्र) से मुद्रित व 119/13, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से प्रकाशित। संपादकः अनूप कुमार **RNI No.:** UPHIN/2023/86769 । **Email:** swarajindia2023@gmail.com । **Mob:** 7800009853, । **Website:** www.swarajindianews.com । (समस्त वाद-विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे)

# बॉलीवॉल प्रतियोगिता शुरू, आज होगा फाइनल मुकाबला

» हजारों की संख्या में उमड़े दर्शक, खेल का लिया आनंद

» आज महामुकाबला में कैबिनेट मंत्री, जिलाध्यक्ष रहेंगे मौजूद

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो





**कानपुर देहात। मलासा विकासखंड के मीनापुर गांव में सुभाष बॉलीवॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय बॉलीवॉल प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारंभ किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख स्वतंत्र पासवान ने फीता काटकर किया।प्रतियोगिता के पहले दिन ग्रामीण क्षेत्र की टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच पटेल बरौर बी और शाहजहांपुर के मध्य खेला गया। पटेल बरौर बी ने शाहजहांपुर की टीम को मात देकर जीत दर्ज की।**

वहीं लवरसी और मीनापुर के मध्य हुए मुकाबले में लवरसी ने मीनापुर को तथा मुस्मरिया ने रंगा क्लब बरौर को पराजित कर जीत दर्ज की। मौजूद खिलाड़ियों और लोगों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख स्वतंत्र पासवान ने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को सही मंच और अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया।ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि खेल युवाओं में अनुशासन,टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित करता है।उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।उचित प्रोत्साहन और संसाधनों से ग्रामीण प्रतिभाएं देश का नाम रोशन कर सकती हैं।प्रतियोगिता के दौरान आए हुए अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।बॉलीवॉल प्रतियोगिता में कमेंट्रेटर की भूमिका सूर्यकांत मिश्रा,जेडी सचान व तालिब ने निभाई।गुरुवार को प्रतियोगिता में शहरी क्षेत्र की टीमों के बीच मुकाबला होगा। इस दौरान सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामलखन सचान,डॉक्टर जनमेजय सचान, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार अनूप सचान, पूर्व चेयरमैन अमरीधा जुनैद खान, अरविंद सचान, सुजीत सचान, देवेंद्र सचान, महेश संखवार,देवेंद्र नेता,सियाराम काका,धर्मेंद्र सचान, ओमशंकर सचान, अनुराग, अभय, दिनेश, अर्पित सचान, महेश कुमार सचान समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

## कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो






कानपुर देहात माती। थाना अकबरपुर क्षेत्र के नरायनपुर दुर्गा पुरवा निवासी एक महिला ने थाना गजनेर क्षेत्र के नरायनपुर तिलौची के कुछ युवकों पर छेड़छाड़, मारपीट और लूटपाट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना की लिखित शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

पीड़िता के अनुसार 13 दिसंबर की रात करीब डेढ़ बजे वह अपने घर पर सो रही थी। इसी दौरान थाना गजनेर क्षेत्र के नरायनपुर तिलौची के युवक दीवार की आड़ में खड़े होकर अश्लील वीडियो बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे।

अगले दिन 14 दिसंबर को महिला अपने देवर अधिवक्ता के साथ निजी कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा अकबरपुर जा रही थी। सुबह करीब दस बजे गजनेर थाना क्षेत्र में मार्ग की दुकान के पास आरोपियों ने रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने महिला व उसके देवर के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान मोटरसाइकिल व हेलमेट क्षतिग्रस्त कर दिए गए और महिला के गले से सोने की चेन तथा हैंडबैग में रखे 3250 रुपये लूट लिए गए।राहगीरों के पहुंचने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भागगए। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने ग्रोथ सेंटर चौकी और थाना गजनेर में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने केवल कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला टाल दिया। कई बार थाने बुलाए जाने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसे में लकड़ी ठेकेदार की मौत

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो



पुखरायां। भोगनीपुर थाना के झांसी-कानपुर हाईवे पर डीघ-देवीपुर गांव के बीच बुधवार की शाम पांच बजे बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े लोगों से टकरा गई जिसमें बाइक चालक लकड़ी ठेकेदार की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए।

बरौर थाना क्षेत्र के कैलई निवासी इमरान अली (40) बाइक से चाचा इशाक अली को जालौन से लेकर घर आ रहे थे। झांसी-कानपुर हाईवे पर डीघ-देवीपुर गांव के बीच बुधवार की शाम रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पैदल जा रहे बरौर थाना के मीनापुर निवासी प्रेमनारायण व मंगलपुर थाना के जिगना निवासी छोटे को टक्कर मारती हुई गिर गई। हादसे में चारों लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से देवीपुर सीएचसी ले जाया गया जहां डॉ. विकास कुमार ने इमरान को मृत घोषित कर दिया। वहीं छोटे को मेडिकल कॉलेज रेफर किया।हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजन ने डंपर की टक्कर से हादसे होने की बात कही। मृतक के छोटे भाई बबली ने बताया कि इमरान भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह बाहर लकड़ी ठेकेदारी का काम करता था। मां जैदुन की बीमारी की सूचना पर आ रहा था।

देवीपुर चौकी इंचार्ज अभिषेक चौहान ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होने से दुर्घटना हुई है। मृतक हेलमेट लगाए होता तो जान नहीं जाती। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# पान शॉप और गैराज का ताला तोड़कर हजारों का माल पार

» स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

कानपुर। काकादेव निवासी आशुतोष चौरसिया की पनकी में कालपी रोड पर चौरसिया पान शॉप नाम से दुकान है। पास ही आफताब का हिंदुस्तान गैराज है। आशुतोष के मुताबिक मंगलवार देर रात वह दुकान बंद कर घर गए। बुधवार सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो ताला टूटा मिला। शटर खोलकर देखा तो अंदर सामान बिखरा मिला।

शातिर चोर दुकान से महंगी सिगरेट के पैकेट उठा ले गए हैं। उधर, हिंदुस्तान गैराज का भी ताला तोड़कर शातिर रिंच पाना समेत कई चीजें उठाकर रफूचक्कर हो गए।

थाना प्रभारी मनोज भदौरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दो संदिग्ध दिखाई दिए हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।



# ठंड से ठिठुरते गरीबों को कम्बल ओढ़ाकर डीएम डॉ दिनेश चंद्र सिंह ने दी राहत

## ब्लॉक मुख्यालय परिसर में बनवासी समूहों के लिए करीब 700 सौ कंबल वितरण किए गए

»स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

**जौनपुर। प्रदेश में लगातार गिरते तापमान और बढ़ती शीतलहर वाली हाड़ कपाऊ भीषण ठंड को देखते हुए जनपद के विकास खंड रामपुर में शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रामपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह (मंकु) के सौजन्य से ब्लॉक मुख्यालय परिसर में बनवासी समूहों के लिए करीब 700 सौ कंबल वितरण कार्यक्रम का बड़ा आयोजन किया गया।**





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के जनलोकप्रिय व न्यायप्रिय जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह रहे,उन्होंने मानवीय सरोकार निभाते हुए स्वयं सैकड़ों लाभार्थियों को कंबल वितरित कर प्रशासन की संवेदनशीलता का परिचय दिया ।जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह जी की सहजता और सेवा भावना को जिस भी व्यक्ति ने देखा या सुना उसने जमकर प्रशंसा की ।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नवीन कुमार,खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज,क्षेत्र के ग्राम प्रधान,पंचायत प्रतिनिधि,ब्लॉक कर्मी तथा बड़ी संख्या में बनवासी परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल सके।

जन सरोकारों से जुड़ी तमाम समस्याओं का निराकरण जमीनी स्तर पर त्वरित रूप से करते रहते है तथा सरकार की योजनाओं को अमली जामा पहनाने में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेने वाले और विकास के बेहतर समन्वय के साथ जनपद वासियों की भावनाओं के अनुसार तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्यशैली वाले जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि ठंड के मौसम में कोई भी गरीब, असहाय और जरूरतमंद व्यक्ति राहत से वंचित न रहे ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कंबल वितरण जैसे जनकल्याणकारी कार्य पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किए जाएं,ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके।

ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह (मंकु) ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। उन्होंने जिलाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए ब्लॉक स्तर पर लगातार कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है और जरूरतमंद परिवारों की सूची के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया ।कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर की और ब्लॉक प्रमुख व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.।

# ऋत्विक द्विवेदी ने कैट में हासिल किए 94.50 पर्सेंटाइल, रामनगरी का नाम किया रोशन



»स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो

अयोध्या। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट)-2025 का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अयोध्या के होनहार छात्र ऋत्विक द्विवेदी ने 94.50 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर जिले और रामनगरी का नाम रोशन किया है ।ऋत्विक द्विवेदी बचपन से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ऋत्विक के पिता सुशील कुमार द्विवेदी और माता बबीता द्विवेदी ने बेटे की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसकी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम बताया। ऋत्विक का परिवार अयोध्या के निराला नगर क्षेत्र में निवास करता है ।अपनी सफलता के बारे में ऋत्विक ने बताया कि उन्होंने कैट की तैयारी बेंगलुरु स्थित रोधा एजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड में असिस्टेंट मैनेजर पद पर कार्य करते हुए की। नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई का संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से उन्होंने यह लक्ष्य हासिल किया ।ऋत्विक के सरल स्वभाव और मेहनती व्यक्तित्व की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# निजी अस्पतालों पर लटकी सख्ती की तलवार

» **सीएमओ ने प्रेसवार्ता में कहा 26 तक होगी कार्रवाई**

» **अर्थदंड, सील और एफआईआर तक की कार्रवाई संभव**

»स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो



अयोध्या। ओवरडोज से मरीज की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अब सख्त रुख अपना लिया है। दर्शन नगर स्थित मंडलीय चिकित्सालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुशील कुमार बनियान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मामले की जांच अंतिम चरण में है और 26 तारीख तक हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्मला हॉस्पिटल और सोना हॉस्पिटल की रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है, जबकि मैक्स हॉस्पिटल से भी रिपोर्ट तलब की गई है ।सीएमओ ने बताया कि दोनों निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हुए हैं। तकनीकी कारणों के चलते तत्काल कार्रवाई नहीं हो सकी है, लेकिन जैसे ही इन्हें योजना से डिटैच किया जाएगा, विभागीय और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने साफ किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रेसवार्ता में सीएमओ ने कहा कि जांच में लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित अस्पतालों पर आर्थिक दंड लगाया जा सकता है, अस्पताल सील किए जा सकते हैं, एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है तथा पंजीकरण निरस्त या निलंबित करने तक की कार्रवाई संभव है। कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय होगी और दोनों अस्पतालों पर समान रूप से लागू की जाएगी ।सीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ही वैधानिक साक्ष्य माना जाएगा। यदि समय से पोस्टमार्टम कराया गया होता तो यह स्पष्ट हो जाता कि मरीज की मौत किसी आंतरिक बीमारी से हुई या फिर इंजेक्शन की ओवरडोज से। मैक्स हॉस्पिटल की रिपोर्ट मिलने के बाद वास्तविक स्थिति सामने आएगी। सीएमओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सोना हॉस्पिटल द्वारा सर्जरी और एनेस्थीसिया इंजेक्शन में ओवरडोज की खामियां सामने आई हैं। यह भी संदिग्ध है कि मरीज को लखनऊ रेफर करने की प्रक्रिया लिखित थी या सिर्फ फोन पर ही तय की गई। इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है ।गौरतलब है कि निर्मला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कथित ओवरडोज से मरीज की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार ने दोनों अस्पतालों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी डॉक्टरों और स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने तथा अस्पताल सील करने की मांग की है। अब सीएमओ के 26 तक कार्रवाई के बयान के बाद पूरे मामले पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# कचहरी में पेशी पर आए व्यक्ति को सरेआम पीटा

## जातिसूचक गालियां देते हुए हमलावर भागे

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो

**अयोध्या। जिस कचहरी परिसर को न्याय का मंदिर कहा जाता है, वहीं बुधवार दोपहर कानून को खुलेआम लहूलुहान कर दिया गया। पेशी पर आए एक व्यक्ति को दबंगों ने सरेआम पीटा, जातिसूचक गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना ने न सिर्फ न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी दिखा दिया कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हो चुके हैं।**



बीकापुर क्षेत्र के रहेट निवासी अनिल कुमार के अनुसार, वह दोपहर करीब 12ः30 बजे कचहरी परिसर में अपनी पत्रावली की पुकार के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान रहेट निवासी शिवाकांत पाण्डेय, नियाई सराय भनौली निवासी सुरेंद्र मिश्रा पुत्र गंगाराम मिश्र तथा उनके साथ मौजूद तीन अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और फिर बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। हल्ला-गुहार सुनकर जब आसपास लोग जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। न्याय परिसर के भीतर हुई इस घटना से वकीलों और फरियादियों में दहशत फैल गई ।कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या सांसद खेल महोत्सव में सांसद ही गायब!

## » फिट इंडिया का मंच सजा, कुर्सी खाली रह गई अयोध्या पूछ रही है सांसद कहां हैं?

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो



अयोध्या ।फिट इंडिया विजन के नाम पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव लोकसभा फैजाबाद 2025 के उद्घाटन समारोह में खेल, मंच, माइक और भाषण सब कुछ था बस मौजूद नहीं थे तो वर्तमान सांसद अवधेश प्रसाद। दो दिवसीय आयोजन का उद्घाटन हुआ, तस्वीरें खिंचीं, भाषण गूंजे, मगर जिनके नाम पर महोत्सव वही नदारद! सवाल तीर की तरह चुभता है निमंत्रण मिला भी था या नहीं? और अगर मिला था तो फिर गैरहाज़िरी क्यों ?हैरानी यह कि मंच पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह न केवल मौजूद दिखे, बल्कि उन्होंने समारोह को संबोधित भी किया। यानी सांसद खेल महोत्सव में पूर्व सांसद सक्रिय और वर्तमान सांसद अदृश्य यह विरोधाभास ही इस आयोजन की सबसे बड़ी तस्वीर बन गया ।फैजाबाद की जनता पूछ रही है जब खेल के बहाने जन-संपर्क का मौका था, तब सांसद का मैदान से बाहर रहना क्या संदेश देता है?

**क्या यह कार्यक्रम औपचारिकता भर था, या राजनीतिक**

प्राथमिकताओं की सूची में फिट इंडिया नीचे रह गया? मामला यह नहीं कि खेल हुआ मामला यह है कि सांसद नहीं दिखे। और जब जनता सवाल पूछने लगे सांसद कहां हैं? तो चुप्पी भी एक बयान बन जाती है।

# 27 से अयोध्या में महापौरों का सम्मेलन, 17 महापौर आएंगे



## अब व्हाट्सएप से भी होगा गृह व जल कर भुगतान : महापौर

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो

अयोध्या ।अयोध्या नगर निगम द्वारा गृह, जल एवं सीवर कर के बिल व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने और भुगतान की सुविधा शुरू की गई है। तिलक हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने पार्षदों की मौजूदगी में इस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से शुरू हुई इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को रसीद भी व्हाट्सएप पर ही मिलेगी, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी।

नगर आयुक्त ने बताया कि 27 व 28 दिसंबर को प्रदेश के सभी 17 महापौर अयोध्या पहुंचेंगे। पंचशील होटल में होने वाले सम्मेलन में वे नगर निगम के नवाचारों से परिचित होंगे। इस अवसर पर महापौर सम्मेलन के लिए 12 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें सलमान हैदर को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# कल से शुरू होगा प्रधानाचार्य परिषद का 47वां प्रांतीय सम्मेलन

» कल से शुरू होगा प्रधानाचार्य परिषद का 47वां प्रांतीय सम्मेलन

» महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में जुटेंगे प्रदेश भर के प्रधानाचार्य

» स्वराज इंडिया न्यूज़ ब्यूरो




अयोध्या। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का 47वां प्रांतीय सम्मेलन महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, अयोध्या में कल यानी 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह सम्मेलन दो दिवसीय होगा और इसका समापन 27 दिसंबर को दोपहर 1 बजे समारोह के साथ किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन स्थल पर हुई पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष डॉ. मणि शंकर तिवारी ने दी।

डॉ. तिवारी ने बताया कि जनपद अयोध्या के संयोजकत्व में तथा अयोध्या मंडल के समस्त प्रधानाचार्यों के सहयोग से इस प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रधानाचार्य परिषद की मंडलीय समिति के पास है। गोष्ठी एवं आयोजन समिति प्रमुख हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन, वर्तमान परिवेश में माध्यमिक शिक्षा के समक्ष आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान पर गंभीर और सार्थक चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रधानाचार्य परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण इसी सम्मेलन में नवीन कार्यकारिणी का चुनाव भी कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्यों का सम्मान भी किया जाएगा ।सम्मेलन का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिंह करेंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांतीय संरक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा, जिला संरक्षक डॉ. राम सुरेश मिश्रा, जिला मंत्री रामप्रिया शरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार मिश्रा और जिला कोषाध्यक्ष डॉ. उदय भान सिंह भी मौजूद रहे।

# लखनऊ में सजी राष्ट्रीय विरासत

## पीएम मोदी ने किया प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

### » लखनऊ के वसंत कुंज में 65 एकड़ में बना भव्य राष्ट्रीय स्मारक तीन महान नेताओं की 65 फीट ऊंची प्रतिमाओं का अनावरण

» मुख्य संवाददाता/स्वराज इंडिया

**लखनऊ। वसंत कुंज योजना क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। प्रेरणा स्थल पर अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मारक आजाद भारत के महानायकों की प्रेरक विरासत को समर्पित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल रहे। प्रशासन ने सुरक्षा और भारी भीड़ की व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए।**





गरीबी पर निर्णायक प्रहार, योजनाओं से बदली तस्वीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। 2014 से पहले 25 करोड़ लोग ही सामाजिक सुरक्षा के दायरे में थे,

जबकि आज लगभग 95 करोड़ लोग इससे जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार करोड़ों परिवारों को पक्का घर, शौचालय, नल से जल, बिजली और गैस कनेक्शन मिला है। यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि जन-कल्याण की सच्ची तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास का वास्तविक पैमाना तब पूरा होता है जब समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आती है।

रक्षा, औद्योगिक शक्ति और अनुच्छेद 370 पर बड़ा संदेश

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेड इन इंडिया की ताकत दुनिया देख रही है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर और लखनऊ में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत रक्षा सामर्थ्य के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा ने देश को दृढ़ता की दिशा दी। प्रधानमंत्री ने गर्व जताया कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में पूर्ण रूप से भारतीय संविधान लागू कराया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की अखंडता का ऐतिहासिक संकल्प था, जिसे पूरा किया गया।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में टीचर की गोली मारकर हत्या

### लाइब्रेरी के पास नकाबपोश बदमाशों ने सिर में मारी गोली, स्कूटी से फरार

### शुक्रवार को उमरा के लिए जाने की थी तैयारी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

» मुख्य संवाददाता/स्वराज इंडिया

कानपुर। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एएमयू के कैंपस में बुधवार रात सनसनी फैल गई, जब एबीके बॉयज़ स्कूल के कम्प्यूटर टीचर राव दानिश अली की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 8-45 बजे मौलाना आजाद लाइब्रेरी कैंटीन के पास हुई, जब दानिश रोज की तरह रात का खाना खाकर टहलने निकले थे।





इसी दौरान नकाबपोश बदमाशों ने उन पर लगातार 8 राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली सिर में लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े और बदमाश स्कूटी से फरार हो गए। सूचना मिलते ही उनके छोटे भाई राव फराज अली मौके पर पहुंचे और दानिश को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दानिश मूल रूप से बुलंदशहर के डिबाई के रहने वाले थे और पहले एएमयू के ही छात्र रहे थे। वर्तमान में वह एबीके यूनियन स्कूल में शिक्षक थे। उनके पिता प्रो. हिलाल और मां भी ऐएमयू से रिटायर्ड हैं। परिवार में पत्नी और 5 व साढ़े 6 साल के दो बच्चे हैं। दानिश शुक्रवार को सऊदी अरब उमरा के लिए जाने वाले थे, जिसकी तैयारियां चल रही थीं घटना के बाद एसएसपी नीरज जादौन व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सीओ तृतीय सर्वम सिंह के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रारंभिक जांच में बदमाशों द्वारा रेकी करने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने कई कोणों से जांच शुरू कर दी है और जल्द खुलासे का दावा किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि कैंपस सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा।